PCE
Group-II Paper-4
Cost Accounting And
Financial Management

IPCC
GROUP-I PAPER-3
COST ACCOUNTING
AND FINANCIAL MANAGEMENT

Roll No. ..........

Total No. of Questions – **7**

Total No. of Printed Pages – **16**

NOV 2012

Time Allowed – **3** Hours

Maximum Marks – **100**

# FSM-H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his answers in Hindi will not be valued.

Question No. **1** is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

"Working notes should form part of the answer."

**Marks**

1. Answer the following : **4×5 =20**

(a) X Limited has estimated that for a new product its break-even point is 20,000 units if the item is sold for ₹ 14 per unit and variable cost ₹ 9 per unit. Calculate the degree of operating leverage for sales volume 25,000 units and 30,000 units.

(b) Accountant of your company had computed labour turnover rates for the quarter ended 30th September, 2012 as 14%, 8% and 6% under Flux method, Replacement method and Separation method respectively. If the number of workers replaced during 2nd quarter of the financial year 2012-13 is 36, find the following :

(i) The number of workers recruited and joined; and

(ii) The number of workers left and discharged.

(c) X is invested ₹ 2,40,000 at annual rate of interest of 10 percent. What is the amount after 3 years if the compounding is done ?

(i) Annually

(ii) Semi-annually.

Marks

(d) KL Limited produces product 'M' which has a quarterly demand of 8,000 units. The product requires 3 kgs quantity of material 'X' for every finished unit of product. The other information are follows :

| | | |
|---|---|---|
| Cost of material 'X' | : | ₹ 20 per kg. |
| Cost of placing an order | : | ₹ 1000 per order |
| Carrying Cost | : | 15% per annum of average inventory |

You are required :

(i) Calculate the Economic Order Quantity for material 'X'.

(ii) Should the company accept an offer of 2 percent discount by the supplier, if he wants to supply the annual requirement of material 'X' in 4 equal quarterly instalments ?

2. (a) The following account balances and distribution of indirect charges are taken from the accounts of a manufacturing concern for the year ending on 31st March, 2012 : **8**

| Item | Total Amount | Production Departments | | | Service Departments | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | (₹) | X (₹) | Y (₹) | Z (₹) | A (₹) | B (₹) |
| Indirect Material | 1,25,000 | 20,000 | 30,000 | 45,000 | 25,000 | 5,000 |
| Indirect Labour | 2,60,000 | 45,000 | 50,000 | 70,000 | 60,000 | 35,000 |
| Superintendent's Salary | 96,000 | – | – | 96,000 | – | – |
| Fuel & Heat | 15,000 | | | | | |
| Power | 1,80,000 | | | | | |
| Rent & Rates | 1,50,000 | | | | | |
| Insurance | 18,000 | | | | | |
| Meal Charges | 60,000 | | | | | |
| Depreciation | 2,70,000 | | | | | |

Marks

The following departmental data are also available :

| | Production Departments | | | Service Departments | |
|---|---|---|---|---|---|
| | X | Y | Z | A | B |
| Area (Sq. ft.) | 4,400 | 4,000 | 3,000 | 2,400 | 1,200 |
| Capital Value of Assets (₹) | 4,00,000 | 6,00,000 | 5,00,000 | 1,00,000 | 2,00,000 |
| Kilowatt Hours | 3,500 | 4,000 | 3,000 | 1,500 | – |
| Radiator Sections | 20 | 40 | 60 | 50 | 30 |
| No. of Employees | 60 | 70 | 120 | 30 | 20 |

Expenses charged to the service departments are to be distributed to other departments by the following percentages :

| | X | Y | Z | A | B |
|---|---|---|---|---|---|
| **Department A** | 30 | 30 | 20 | – | 20 |
| **Department B** | 25 | 40 | 25 | 10 | – |

Prepare an overhead distribution statement to show the total overheads of production departments after re-apportioning service departments' overhead by using simultaneous equation method. Show all the calculations to the nearest rupee.

(b) The following accounting information and financial ratios of M Limited relate to the year ended 31st March, 2012 : **8**

| | |
|---|---|
| Inventory Turnover Ratio | 6 Times |
| Creditors Turnover Ratio | 10 Times |
| Debtors Turnover Ratio | 8 Times |
| Current Ratio | 2.4 |
| Gross Profit Ratio | 25% |

Marks

Total sales ₹ 30,00,000; cash sales 25% of credit sales; cash purchases ₹ 2,30,000; working capital ₹ 2,80,000; closing inventory is ₹ 80,000 more than opening inventory.

You are required to calculate :

(i) Average Inventory

(ii) Purchases

(iii) Average Debtors

(iv) Average Creditors

(v) Average Payment Period

(vi) Average Collection Period

(vii) Current Assets

(viii) Current Liabilities

3. (a) Following are the summarized Balance Sheets of JKM Limited as on 31st March, 2011 and 2012 : 12

(₹ in Lakhs)

| Liabilities | 31st March 2011 (₹) | 31st March 2012 (₹) | Assets | 31st March 2011 (₹) | 31st March 2012 (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 50.00 | 55.00 | Goodwill | 5.00 | 4.20 |
| Capital Reserve | – | 2.50 | Land & Building | 20.00 | 18.00 |
| General Reserve | 4.00 | 6.00 | Plant & Machinery | 22.00 | 31.00 |
| Profit & Loss Account | 5.30 | 6.70 | Investment | 2.00 | 3.50 |
| Proposed Dividend | 8.00 | 11.00 | Stock | 8.60 | 12.70 |
| Bills Payable | 2.00 | 1.80 | Sundry Debtors | 10.20 | 13.00 |
| Sundry Creditors | 3.50 | 4.60 | Bills Receivables | 1.00 | 0.70 |
| Provision for Tax | 4.00 | 5.00 | Cash in hand & Bank | 7.20 | 8.90 |
| | | | Share Issue Exp. | 0.80 | 0.60 |
| | 76.80 | 92.60 | | 76.80 | 92.60 |

Marks

**Additional Information :**

(i) A machine (original cost ₹ 2,80,000; Book Value ₹ 1,70,000) was sold during the year for ₹ 1,50,000.

(ii) Depreciation for 2011-12 was amounted to ₹ 3,00,000 on plant and machinery and ₹ 50,000 on land and building.

(iii) A piece of land had been sold out on 01-11-2011 and the profit on the sale has been credited in capital reserve.

(iv) ₹ 40,000 is received as dividend including ₹ 15,000 pre-acquisition profit, which is credited to investment account.

(v) An interim dividend of ₹ 2,50,000 has been paid during the year 2011-12.

(vi) Income tax paid during the year 2011-12, amounted to ₹ 3,80,000.

Required :

(A) Prepare a schedule of changes in the working capital.

(B) Prepare funds flow statement as on 31st March, 2012.

(b) From the following particulars compute a conservation estimate of profit by 4 methods on a contract which has 80 percent complete : 4

| | ₹ |
|---|---|
| Total expenditure to date | 8,50,000 |
| Estimate further expenditure to complete the contract | 1,70,000 |
| Contract Price | 15,30,000 |
| Work Certified | 10,00,000 |
| Work not certified | 85,000 |
| Cash received | 8,16,000 |

Marks

4. (a) The standard labour employment and the actual labour engaged in a 40 hours week for a job are as under : 6

| Category of Workers | Standard | | Actual | |
|---|---|---|---|---|
| | No. of workers | Wage Rate per hour ₹ | No. of workers | Wage Rate per hour ₹ |
| Skilled | 65 | 45 | 50 | 50 |
| Semi-skilled | 20 | 30 | 30 | 35 |
| Unskilled | 15 | 15 | 20 | 10 |

Standard output : 2000 units; Actual output : 1800 units

Abnormal Idle time 2 hours in the week

Calculate :

(i) Labour Cost Variance

(ii) Labour Efficiency Variance

(iii) Labour Idle Time Variance.

(b) SS Limited is considering the purchase of a new automatic machine which will carry out some operations which are at present performed by manual labour. NM-$A_1$ and NM-$A_2$, two alternative models are available in the market. The following details are collected : 10

| | | Machine | |
|---|---|---|---|
| | | NM-$A_1$ | NM-$A_2$ |
| Cost of Machine | (₹) | 20,00,000 | 25,00,000 |
| Estimated working life | | 5 Years | 5 Years |
| Estimated saving in direct wages per annum | (₹) | 7,00,000 | 9,00,000 |
| Estimated saving in scrap per annum | (₹) | 60,000 | 1,00,000 |
| Estimated additional cost of indirect material per annum | (₹) | 30,000 | 90,000 |
| Estimated additional cost of indirect labour per annum | (₹) | 40,000 | 50,000 |
| Estimated additional cost of repairs and maintenance per annum | (₹) | 45,000 | 85,000 |

Marks

Depreciation will be charged on a straight line method. Corporate tax rate is 30 percent and expected rate of return may be 12 percent.

You are required to evaluate the alternatives by calculating the :

(i) Pay-back Period

(ii) Accounting (Average) Rate of Return; and

(iii) Profitability Index or P.V. Index (P.V. factor for ₹ 1 @ 12% 0.893; 0.797; 0.712; 0.636; 0.567; 0.507)

5. (a) Briefly explain the essential features of a good cost accounting system. 4×4 =16

(b) What is inter-process profit ? State its advantages and disadvantages.

(c) What do you understand by operating costing ? How are composite units computed ?

(d) List the fundamental principles governing capital structure.

6. (a) The following figures are related to LM Limited for the year ending 31st March, 2012 : 8

Sales – 24,000 units @ ₹ 200 per unit;

P/V Ratio 25% and Break-even Point 50% of sales.

You are required to calculate :

(i) Fixed cost for the year

(ii) Profit earned for the year

(iii) Units to be sold to earn a target net profit of ₹ 11,00,000 for a year.

(iv) Number of units to be sold to earn a net income of 25% on cost.

(v) Selling price per unit if Break-even Point is to be brought down by 4,000 units.

Marks

(b) R Limited showed a net loss of ₹ 35,400 as per their cost accounts for the year ended 31st March, 2012. However, the financial accounts disclosed a net profit of ₹ 67,800 for the same period. The following information were revealed as a result of scrutiny of the figures of cost accounts and financial accounts : 8

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Administrative overhead under recovered | 25,500 |
| (ii) | Factory overhead over recovered | 1,35,000 |
| (iii) | Depreciation under charged in Cost Accounts | 26,000 |
| (iv) | Dividend received | 20,000 |
| (v) | Loss due to obsolescence charged in Financial Accounts | 16,800 |
| (vi) | Income tax provided | 43,600 |
| (vii) | Bank interest credited in Financial Accounts | 13,600 |
| (viii) | Value of opening stock : | |
| | In Cost Accounts | 1,65,000 |
| | In Financial Accounts | 1,45,000 |
| (ix) | Value of closing stock : | |
| | In Cost Accounts | 1,25,500 |
| | In Financial Accounts | 1,32,000 |
| (x) | Goodwill written-off in Financial Accounts | 25,000 |
| (xi) | Notional rent of own premises charged in Cost Accounts | 60,000 |
| (xii) | Provision for doubtful debts in Financial Accounts | 15,000 |

Prepare a reconciliation statement by taking costing net loss as base.

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) Discuss the conflicts in profit verses wealth maximization principle of the firm.

(b) State the considerations on which capital expenditure budget is prepared.

(c) Distinguish between business risk and financial risk.

(d) What are the forms of bank credit ?

(e) "Financing a business through borrowing is cheaper than using equity." Briefly explain.

**FSM-H**

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष छः प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होने चाहिए ।

**Marks**

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए : **4×5 =20**

(अ) एक्स लिमिटेड एक नये उत्पाद के लिए अनुमान लगाती है कि यदि यह मद ₹ 14 प्रति इकाई में बेची जाये, परिवर्तनशील लागत ₹ 9 प्रति इकाई हो, तो इसका सम-विच्छेद बिन्दु 20,000 इकाइयाँ होगा । 25,000 इकाइयों व 30,000 इकाइयों के विक्रय के लिए परिचालन उत्तोलक की मात्रा ज्ञात कीजिए ।

(ब) 30 सितम्बर, 2012 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए आपकी कम्पनी के लेखापाल ने आवागमन (फ्लक्स) विधि, प्रतिस्थापन विधि तथा पृथक्करण विधि के अधीन क्रमश: 14%, 8% व 6% श्रम आवर्त दरें परिकलित की हैं । यदि वित्तीय वर्ष 2012-13 की द्वितीय तिमाही के दौरान प्रतिस्थापित श्रमिकों की संख्या 36 हो, तो निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) भर्ती और काम पर लगने वाले श्रमिकों की संख्या; और

(ii) कार्यमुक्त किये गये एवं संस्था छोड़कर गये श्रमिकों की संख्या ।

(स) एक्स ने 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ₹ 2,40,000 का विनियोग किया है । 3 वर्ष बाद की राशि क्या होगी यदि गणना चक्रवृद्धि है ?

(i) वार्षिक

(ii) अर्द्ध-वार्षिक

Marks

(द) के एल लिमिटेड 'एम' उत्पाद का उत्पादन करती है जिसकी त्रैमासिक माँग 8,000 इकाइयाँ है । इस उत्पाद की एक निर्मित इकाई के लिए 'X' सामग्री की 3 किलोग्राम मात्रा की आवश्यकता होती है ।

अन्य सूचनाएँ निम्नलिखित हैं :

| | | |
|---|---|---|
| X सामग्री की लागत | : | ₹ 20 प्रति किलोग्राम |
| एक आदेश देने की लागत | : | ₹ 1000 प्रति आदेश |
| वहन लागत | : | औसत स्कन्ध की लागत का 15% वार्षिक |

आपसे अपेक्षित है :

(i) सामग्री X के लिए आर्थिक आदेश मात्रा की गणना ।

(ii) यदि पूर्तिकर्त्ता सामग्री X की वार्षिक आवश्यकता को 2% बट्टे पर 4 समान त्रैमासिक किस्तों में पूर्त्ति करना चाहे तो क्या कम्पनी को यह प्रस्ताव स्वीकार कर लेना चाहिए ?

2. (अ) 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निम्नलिखित खातों के शेष और अप्रत्यक्ष व्ययों का वितरण एक निर्माणी संस्था के हिसाब-किताब से लिये गये हैं : **8**

| मद | कुल राशि | उत्पादन विभाग | | | सेवा विभाग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | (₹) | X (₹) | Y (₹) | Z (₹) | A (₹) | B (₹) |
| अप्रत्यक्ष सामग्री | 1,25,000 | 20,000 | 30,000 | 45,000 | 25,000 | 5,000 |
| अप्रत्यक्ष श्रम | 2,60,000 | 45,000 | 50,000 | 70,000 | 60,000 | 35,000 |
| अधीक्षक का वेतन | 96,000 | – | – | 96,000 | – | – |
| ईंधन व ताप | 15,000 | | | | | |
| शक्ति | 1,80,000 | | | | | |
| किराया व दरें | 1,50,000 | | | | | |
| बीमा | 18,000 | | | | | |
| भोजन व्यय | 60,000 | | | | | |
| ह्रास | 2,70,000 | | | | | |

निम्नलिखित विभागीय आँकड़े भी उपलब्ध हैं :

| | उत्पादन विभाग | | | सेवा विभाग | |
|---|---|---|---|---|---|
| | X | Y | Z | A | B |
| क्षेत्रफल (वर्ग फुट) | 4,400 | 4,000 | 3,000 | 2,400 | 1,200 |
| सम्पत्तियों का पूँजीगत मूल्य (₹) | 4,00,000 | 6,00,000 | 5,00,000 | 1,00,000 | 2,00,000 |
| किलोवाट घण्टे | 3,500 | 4,000 | 3,000 | 1,500 | – |
| रेडियेटर विभाग | 20 | 40 | 60 | 50 | 30 |
| कर्मचारियों की संख्या | 60 | 70 | 120 | 30 | 20 |

सेवा विभागों के व्यय अन्य विभागों को निम्नलिखित प्रतिशतों के द्वारा वितरित किये जायेंगे :

| | X | Y | Z | A | B |
|---|---|---|---|---|---|
| विभाग A | 30 | 30 | 20 | – | 20 |
| विभाग B | 25 | 40 | 25 | 10 | – |

सेवा विभागों के उपरिव्ययों को युगपत् समीकरण रीति से पुन: वितरित करते हुए उत्पादन विभागों के कुल उपरिव्यय दर्शाते हुए एक उपरिव्यय वितरण विवरण पत्र बनाइये । समस्त गणनाएँ निकटतम रुपये में दर्शाइये ।

(ब) निम्नलिखित लेखांकन सूचना एवं वित्तीय अनुपात 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष से सम्बन्धित एम लिमिटेड की हैं : 8

| | |
|---|---|
| स्कन्ध आवर्त अनुपात | 6 बार |
| लेनदार आवर्त अनुपात | 10 बार |
| देनदार आवर्त अनुपात | 8 बार |
| चालू अनुपात | 2.4 |
| सकल लाभ अनुपात | 25% |

कुल विक्रय ₹ 30,00,000; नकद विक्रय-उधार विक्रय का है 25%; नकद क्रय ₹ 2,30,000; कार्यशील पूँजी ₹ 2,80,000; अन्तिम स्कन्ध प्रारंभिक स्कन्ध से ₹ 80,000 अधिक है ।

Marks

आप से निम्नलिखित की गणना अपेक्षित है :

(i) औसत स्कन्ध

(ii) क्रय

(iii) औसत देनदार

(iv) औसत लेनदार

(v) औसत भुगतान अवधि

(vi) औसत संग्रहण अवधि

(vii) चल सम्पत्ति

(viii) चल दायित्व

3. (अ) 31 मार्च, 2011 व 2012 के निम्नलिखित संक्षिप्त चिट्ठे जे.के.एम. लिमिटेड के हैं : 12

(लाख ₹ में)

| दायित्व | 31 मार्च | | सम्पत्ति | 31 मार्च | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2011 (₹) | 2012 (₹) | | 2011 (₹) | 2012 (₹) |
| समता अंशपूँजी | 50.00 | 55.00 | ख्याति | 5.00 | 4.20 |
| पूँजी संचय | – | 2.50 | भूमि व भवन | 20.00 | 18.00 |
| सामान्य संचय | 4.00 | 6.00 | संयंत्र व मशीन | 22.00 | 31.00 |
| लाभ-हानि खाता | 5.30 | 6.70 | विनियोग | 2.00 | 3.50 |
| प्रस्तावित लाभांश | 8.00 | 11.00 | स्कन्ध | 8.60 | 12.70 |
| देय बिल | 2.00 | 1.80 | विविध देनदार | 10.20 | 13.00 |
| विविध लेनदार | 3.50 | 4.60 | प्राप्य बिल | 1.00 | 0.70 |
| कर का आयोजन | 4.00 | 5.00 | हस्तस्थ व बैंक में रोकड़ | 7.20 | 8.90 |
| | | | अंश निर्गमन व्यय | 0.80 | 0.60 |
| | **76.80** | **92.60** | | **76.80** | **92.60** |

Marks

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(i) वर्ष के दौरान एक मशीन (मूल लागत ₹ 2,80,000; पुस्तक मूल्य ₹ 1,70,000) को ₹ 1,50,000 में बेचा था ।

(ii) वर्ष 2011-12 के लिए संयंत्र एवं मशीनरी पर ₹ 3,00,000 तथा भूमि व भवन पर ₹ 50,000 का ह्रास था ।

(iii) 01-11-2011 को भूमि का एक टुकड़ा बेचा गया तथा विक्रय पर लाभ की राशि पूँजी संचय में जमा कर दी गई ।

(iv) ₹ 40,000 लाभांश के रूप में प्राप्त हुए जिसमें ₹ 15,000 अधिग्रहण से पूर्व के लाभों में से हैं, जिन्हें विनियोग खाते में जमा किया गया है ।

(v) वर्ष 2011-12 के दौरान ₹ 2,50,000 का अन्तरिम लाभांश चुकाया ।

(vi) वर्ष 2011-12 के दौरान ₹ 3,80,000 आयकर के चुकाये गये ।

अपेक्षित है :

(A) कार्यशील पूँजी में परिवर्तन की अनुसूची बनाइये ।

(B) 31 मार्च, 2012 को कोष (निधि) प्रवाह विवरण बनाइये ।

(ब) निम्नलिखित विवरण से 4 विधियों का प्रयोग करते हुए एक ठेके पर अनुमानित लाभ के संधारण की गणना कीजिए, जो कि 80% पूर्ण हुआ है : 4

| | ₹ |
|---|---|
| नियत तिथि तक कुल व्यय | 8,50,000 |
| ठेके को पूरा करने हेतु अनुमानित भावी व्यय | 1,70,000 |
| ठेका मूल्य | 15,30,000 |
| प्रमाणित कार्य | 10,00,000 |
| कार्य प्रमाणित नहीं हुआ | 85,000 |
| नकद प्राप्ति | 8,16,000 |

4. (अ) एक उपकार्य के लिए 40 घण्टे के एक सप्ताह का प्रमाप श्रम नियोजन एवं वास्तविक श्रम उपयोग निम्नानुसार हैं : **6**

| श्रमिकों की श्रेणी | प्रमाप | | वास्तविक | |
|---|---|---|---|---|
| | श्रमिक संख्या | प्रति घण्टा मजदूरी दर ₹ | श्रमिक संख्या | प्रति घण्टा मजदूरी दर ₹ |
| कुशल | 65 | 45 | 50 | 50 |
| अर्द्ध-कुशल | 20 | 30 | 30 | 35 |
| अकुशल | 15 | 15 | 20 | 10 |

प्रमाप उत्पादन : 2000 इकाइयाँ ; वास्तविक उत्पादन : 1800 इकाइयाँ

असामान्य कार्यहीन समय : एक सप्ताह में 2 घण्टे

ज्ञात कीजिए :

(i) श्रम लागत विचरण

(ii) श्रम कार्यकुशलता विचरण

(iii) श्रम कार्यहीन समय विचरण

(ब) एस एस लिमिटेड एक नयी स्वचालित मशीन क्रय करने पर विचार कर रही है जो कि वर्तमान में मानवीय श्रम द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्य को करेगी । $NM\text{-}A_1$ व $NM\text{-}A_2$ दो वैकल्पिक मॉडल बाज़ार में उपलब्ध हैं । निम्नलिखित विवरण संग्रहित किया गया है : **10**

| | | मशीन | |
|---|---|---|---|
| | | $NM\text{-}A_1$ | $NM\text{-}A_2$ |
| मशीन की लागत | (₹) | 20,00,000 | 25,00,000 |
| अनुमानित कार्यशील जीवनकाल | | 5 वर्ष | 5 वर्ष |
| प्रत्यक्ष श्रम में अनुमानित वार्षिक बचत | (₹) | 7,00,000 | 9,00,000 |
| अवशेष (Scrap) में अनुमानित वार्षिक बचत | (₹) | 60,000 | 1,00,000 |
| अप्रत्यक्ष सामग्री की अनुमानित अतिरिक्त वार्षिक लागत | (₹) | 30,000 | 90,000 |
| अप्रत्यक्ष श्रम की अनुमानित अतिरिक्त वार्षिक लागत | (₹) | 40,000 | 50,000 |
| मरम्मत व रखरखाव की अनुमानित अतिरिक्त वार्षिक लागत | (₹) | 45,000 | 85,000 |

Marks

ह्रास सीधी रेखा पद्धति से लगाया जाएगा । निगम कर की दर 30% है और अपेक्षित प्रत्याय दर 12% मानिए ।

निम्नलिखित का परिकलन करते हुए विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए :

(i) पुनर्भुगतान अवधि

(ii) लेखांकन (औसत) प्रत्याय दर

(iii) लाभदायकता सूचकांक या वर्तमान मूल्य सूचकांक (₹ 1 के लिए वर्तमान मूल्य कारक @ 12% 0.893; 0.797; 0.712; 0.636; 0.567; 0.507)

5. (अ) एक अच्छी लागत लेखांकन प्रणाली के आवश्यक लक्षणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए । 4×4 =16

(ब) अन्तर प्रक्रिया लाभ क्या है ? इसके लाभ व हानि बताइये ।

(स) परिचालन लागत विधि से आप क्या समझते हैं ? संयुक्त इकाइयाँ कैसे ज्ञात की जाती हैं ?

(द) पूँजी संरचना को निर्धारित करने वाले आधारभूत सिद्धान्तों की सूची बनाइये ।

6. (अ) निम्नलिखित समंक 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए एल एम लिमिटेड से सम्बन्धित हैं : 8

विक्रय – 24,000 इकाइयाँ ₹ 200 प्रति इकाई;

लाभ-मात्रा अनुपात 25% व सम-विच्छेद बिन्दु विक्रय का 50%.

आपको ज्ञात करना है :

(i) वर्ष की स्थिर लागत

(ii) वर्ष के लिए अर्जित लाभ

(iii) एक वर्ष के लिए ₹ 11,00,000 का वांछित लाभ कमाने हेतु बेची जाने वाली इकाइयाँ ।

(iv) लागत पर 25% लाभ अर्जित करने हेतु बेची जाने वाली इकाइयों की संख्या ।

(v) सम-विच्छेद बिन्दु को 4,000 इकाइयों से कम करने हेतु आवश्यक प्रति इकाई विक्रय मूल्य ।

Marks

(ब) 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए आर लिमिटेड ने अपने लागत लेखों के अनुसार ₹ 35,400 की शुद्ध हानि दिखाई । जबकि इसी अवधि का वित्तीय लेखों द्वारा प्रकट शुद्ध लाभ ₹ 67,800 था । लागत लेखों तथा वित्तीय लेखों की जाँच के फलस्वरूप निम्नलिखित तथ्य सामने आये : 8

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | प्रशासनिक उपरिव्ययों का न्यून अवशोषण हुआ । | 25,500 |
| (ii) | कारखाना उपरिव्ययों का अधि-अवशोषण हुआ । | 1,35,000 |
| (iii) | ह्रास लागत लेखों में कम चार्ज हुआ | 26,000 |
| (iv) | प्राप्त लाभांश | 20,000 |
| (v) | वित्तीय लेखों में अप्रचलन से हानि चार्ज की गई । | 16,800 |
| (vi) | आयकर का प्रावधान किया गया । | 43,600 |
| (vii) | वित्तीय लेखों में बैंक ब्याज जमा हुआ । | 13,600 |
| (viii) | प्रारम्भिक स्कन्ध का मूल्य : | |
| | लागत लेखे | 1,65,000 |
| | वित्तीय लेखे | 1,45,000 |
| (ix) | अन्तिम स्कन्ध का मूल्य : | |
| | लागत लेखे | 1,25,500 |
| | वित्तीय लेखे | 1,32,000 |
| (x) | वित्तीय लेखों में ख्याति अपलिखित की | 25,000 |
| (xi) | लागत लेखों में स्वयं के भवन का चार्ज किया काल्पनिक किराया | 60,000 |
| (xii) | वित्तीय लेखों में संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 15,000 |

लागत लेखों की शुद्ध हानि को आधार के रूप में लेते हुए समाधान विवरण पत्र बनाइये ।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : 4×4 =16

(अ) एक फर्म के लाभ बनाम मूल्य अधिकतमीकरण सिद्धान्त में मत भिन्नता की विवेचना कीजिए ।

(ब) उन विचारणीय बिन्दुओं को बताइये, जिनके आधार पर पूँजीगत व्यय बजट तैयार किया जाता है ।

(स) व्यापारिक जोखिम तथा वित्तीय जोखिम में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

(द) बैंक साख के रूप कौन-कौन से हैं ?

(इ) "ऋण के माध्यम से व्यापार का वित्तीयन समता की तुलना में सस्ता है ।" संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

---